# भूतेश्वर महादेव मंदिर भूमि विवाद में हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला !

## कोर्ट ने वादी का स्टे रोककर पूरी तरह निरस्त किया, अपील को खारिज करते हुए मंदिर का कब्जा वैध माना

**शाजापुर, 22 नवंबर.** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ ने शाजापुर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर से जुड़े भूमि विवाद में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अपीलकर्ताओं द्वारा मांगी गई. अस्थायी निषेधाज्ञा स्ट को निरस्त कर दिया है. न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि वादी अपना कब्जा साबित नहीं कर पाए और रिकॉर्ड के अनुसार जमीन पर मंदिर का लंबे समय से सतत कब्जा दर्ज है.न्यायमूर्ति पवन कुमार द्विवेदी की एकलपीठ ने दिनांक 21 नवंबर 2025 को पारित आदेश में कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा अस्थायी निषेधाज्ञा अस्वीकार करने का निर्णय पूर्णतः उचित है और उसमें हस्तक्षेप का



कोई कारण नहीं बनता.

हाई कोर्ट ने कहा कि मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक रिकॉर्ड मजबूत हैं जिनके अनुसार वर्ष 1919-20 से 1967-68 तक राजस्व अभिलेखों में भूमि पर भूतेश्वर महादेव मंदिर का ही नाम दर्ज है, 1985 और 2008 में नगर पालिका द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण, नवीनीकरण की अनुमति प्रदान की गई थी. अपीलकर्ताओं अक्षय कुमार जैन, अर्चना जैन, अर्पिता जैन द्वारा स्वयं पेश 1978 की नजूल एनओसी में पूर्व दिशा पर कुआँ व शंकर जी का चबूतरा का स्पष्ट उल्लेख है. 1990 में सिविल कोर्ट द्वारा भी मंदिर के कब्जे की पुष्टि की गई थी. न्यायालय ने कहा कि ये सभी रिकॉर्ड स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि भूमि पर मंदिर का कब्जा दीर्घकालिक व सतत रहा है. कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि वादी अक्षय जैन आदि ने अपने शपथपत्र में स्वयं स्वीकार किया कि उन्हें 1957 का कथित विक्रय विलेख 11 अगस्त 2023 को पहली बार मिला, इससे न्यायालय ने माना कि वादी या उनके परिवार का इस भूमि पर कभी वास्तविक कब्जा नहीं रहा, न्यायालय ने कहा कि वादी का दावा प्रथमदृष्टया कमजोर है.

वादी अक्षय जैन आदि स्वयं के द्वारा प्रस्तुत फोटोग्राफ के अनुसार मंदिर परिसर में निर्माण कार्य काफी हद तक पूर्ण हो चुका था. इस अवस्था में रोक लगाने से प्रतिवादी मंदिर पक्ष को अनुचित और अधिक नुकसान होता. अतः सुविधा का संतुलन भी मंदिर पक्ष के पक्ष में माना गया.

### कई वर्षों से अस्तित्व में है मंदिर...

मंदिर समिति के अनूप किरकीरे, जितेंद्र त्रिवेदी, मुकेश चौहान की ओर से वकील गोरांश व्यास ने कहा कि मंदिर बहुत वर्षों से अस्तित्व में है. पिछले 75 वर्षों में कभी भी वादीगण द्वारा इस भूमि पर स्वामित्व का कोई दावा नहीं किया गया. 1985 में नगर पालिका शाजापुर ने मंदिर पुनर्निर्माण की अनुमति दी थी और पुनर्निर्माण किया भी गया था. इसलिए कोई प्रथमदृष्टया मामला नहीं है न सुविधा का संतुलन वादियों के पक्ष में है न अपूरणीय क्षति का कोई आधार है इसलिए आवेदन को अस्वीकार करने की प्रार्थना की गई.

### महादेव मंदिर से दूर है स्थान ...

मंदिर समिति के अधिवक्ता गोरांश व्यास ने माननीय कोर्ट से कहा कि 22-01-1957 के विक्रय विलेख को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि उसमें न तो सर्वे नंबर दिया गया है और न ही संपत्ति की स्पष्ट स्थिति का उल्लेख है. रिकॉर्ड पर जो नक्शा है उससे पता चलता है कि वाद संपत्ति इमामबाड़ा की ओर है और वह स्थान भूतेश्वर महादेव मंदिर से दूर है. अपने दावे के समर्थन में वादी अक्षय जैन आदि ने एक व्यक्ति नरेंद्र कोठारी का शपथपत्र प्रस्तुत किया था. लेकिन बाद में नरेंद्र कोठारी ने प्रतिवादियों मंदिर समिति के समर्थन में एक और शपथपत्र दिया और कहा कि वादि अक्षय जैन ने उन्हे बिना सही जानकारी दी. पहला शपथपत्र हस्ताक्षर करवा लिया था. इस प्रकार वादी पक्ष का एकमात्र स्वतंत्र गवाह अपनी पहली गवाही से पीछे हट गया. सभी पहलुओं पर विचार करते हुए हाई कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि ट्रायल कोर्ट का आदेश न्यायसंगत है उसमें कोई त्रुटि नहीं. अपील खारिज की जाती है.

## एक नजर में

### कार्यशाला में विद्याथियों को दी एसआईआर गणना पत्रक की जानकारी



**शाजापुर, 22 नवंबर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज में शनिवार को महाविद्यालय में एसआईआर गणना पत्रक को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो.मीनू गिडवानी उपस्थित विद्यार्थियों को एसआईआर शीघ्र भरने एवं जमा करने संबंधी जानकारी प्रदान की गई. डॉ.सुनील आडवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य द्वारा एसआईआर की गणना पत्रक में विद्यार्थियों को कैसे भरना है, एसआईआर मतदाता सूची में अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम, सहायता के लिए मतदाता संबंधित बीएलओ से संपर्क कैसे करें आदि जानकारी विस्तृत से दी गई. इस अवसर पर डॉ. बीके सोलंकी, डॉ.दिनेश निंगवाल, डा.आरसी चौहान, ललित गोवा,अनिल गिरी, दुर्गेश रेगे, संदीप भीमावद सहित बड़ी संख्या में स्टॉफ उपस्थित रहा.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सोयतकलां, 22 नवंबर.** शुक्रवार दोपहर कालीसिंध पुलिया पर वाहन दुर्घटना हुई. एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक राजेश दांगी को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में राजेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि टक्कर के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया.हादसा इतना भीषण था कि राजेश का एक पैर टूट गया और सर पर गंभीर चोट आई. सड़क किनारे युवक गंभीर हालत में देख ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी.माचलपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार मृतक राजेश दांगी ब्राह्मण गांव का निवासी था, वह किसी काम से बाहर गया था और दोपहर में अपनी बाइक से घर लौट रहा धनौदा सोयत के बीच पुलिया पर यह हादसा घटित हो गया. ग्रामीणों ने बताया कि राजेश अपने परिवार का एकमात्र सहारा था. उसके पिता नंदराम डांगी का 6 साल पहले निधन हो गया था. उसकी दोनों बहनों की शादी हो चुकी है और अब घर में केवल उसकी मां अकेली है.

### नवीन सांदीपनि विद्यालय में हवन-पूजन के साथ हुई मां सरस्वती प्रतिमा की स्थापना

**शाजापुर, 22 नवंबर.** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर के नवीन भवन में विधिवत हवन पूजन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई. गौरतलब हैं की 16 नवंबर को मक्सी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण किया था. शनिवार 22 नवंबर को नवीन विद्यालय भवन में प्रवेश हेतु विधिवत हवन-पूजन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा का स्थापना की गई. यज्ञ वेदिका में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सविता सोनी, जागेश सोनी, अंबाराम राजोरिया, सुनील मंडलोई, श्रीमती विनीता विश्वकर्मा सभी ने वेदिका पर बैठकर हवन पूजन किया. विद्यालय के सभी शिक्षकों ने हवन में पूर्णाहुति दी. हवन पूजन पंडित दिलीप शर्मा द्वारा करवाया गया.हवन पूजन के पश्चात कन्या भोजन का आयोजन किया गया. खुशी में बच्चों को मिठाई वितरित की गई. इस अवसर पर मुख्य रूप से शाजापुर जिले के शिक्षा के मुखिया जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.विवेक दुबे, आनंदीलाल मकवाना, श्रीमती रानू सक्सेना, सीमा सोनगरा, जितेंद्र भावसार, धनसिंह चौहान, कुलदीप करण, श्रीमती पूनम ओझा, राहुल जाखड़, श्रीमती मनीषा शर्मा, श्रीमती फहमीदा कुरैशी, गोविंद सोनी, आलोक भावसार,सुश्री निकिता शर्मा, मनीष साहू, श्रीमती भावना वर्मा, श्रीमती प्रियंका सेठिया, राजेंद्र कुमार मेहर, ईश्वर मालवीय, हेमंत सक्सेना आदि शिक्षक उपस्थित रहे.

### अभाविप के छात्र नेता से शुरू हुआ सफर, प्रदेश में मिली पहचान



**शाजापुर, 22 नवंबर.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से छात्र नेता के रूप में अपने राजनैतिक कैरियर की शुरूआत करने वाले श्याम टेलर को प्रदेश नेतृत्व ने अब प्रदेशाध्यक्ष की कमान सौंपी हैं. जैसे ही यह समाचार मिला लोगों ने श्याम टेलर के घर बधाई देने वालों का तांता लग गया. श्याम टेलर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में छात्र नेता के रूप में राजनैतिक केरियर शुरू किया. जिन्होंने अपनी एक टीम तैयार की और लगातार आगे बढ़ते गए. जिन्हें अभाविप में भी बड़े पदों पर काबिज किया गया था. इसके बाद उन्हें युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया ओर यहां भी उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए युवाओं को साथ लेकर चले. जिन्होंने इस मुकाम में ही कई वरिष्ठों को अपनी काबिलियत से अवगत कराया. नतीजन शनिवार को जब शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष के युवाओं की टोली पर नजर दौड़ाई तो उनका ध्यान श्याम टेलर पर गया. जिनकी नेतृत्व क्षमता से वे काफी प्रभावित हुए और उन्हें प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया.

## शत-प्रतिशत एसआईआर पूर्ण करने वाले बीएलओ एवं सहयोगियों को किया सम्मानित

**शाजापुर, 22 नवंबर. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में जिले की सभी विधानसभाओं में एसआईआर का कार्य किया जा रहा है. इसी तारतम्य में आज शाजापुर जिले में एसआईआर कार्य में सबसे पहले 100 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड करने पर उप निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी गुलाना आलोक वर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र 168 शुजालपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 45 के बीएलओ रमेश चंद्र मेवाड़ा एवं उनकी पूरी टीम का पुष्पहार से सम्मानित किया.**

इसी प्रकार ग्राम टुकराना के मतदान केंद्र क्रमांक 101 की बीएलओ श्रीमती आशा गोयल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायक रामेश्वर सौराष्ट्रीय पंचायत सचिव को एसआईआर कार्य में 100 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड करने पर अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले द्वारा सभी के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए पुष्पहार से सम्मानित किया.साथ ही कालापीपल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तहसील अवंतिपुर बड़ोदिया ग्राम पवाड़िया के मतदान केन्द्र क्रमांक 206 के बीलएओ गजराज सिंह वर्मा द्वारा भी 100 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड करने पर उनका पुष्पहार से सम्मान किया गया. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री बाफना ने उक्त मतदान केन्द्रों में एसआईआर कार्य का 100 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड करने पर भी सभी बीलएओ एवं दल के सभी सहयोगियों को बधाई दी. साथ ही 100 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाईज करने वाले बीएलओ को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया जाएगा.

## परिसीमन के चक्कर में विधानसभा के 36 गांव एसआईआर में पिछड़े

### सर्वे कर रही टीम को राजस्व विभाग का नहीं मिल रहा सहयोग



**मोहन बड़ोदिया, 22 नवंबर. शाजापुर विधानसभा के मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत के अंतर्गत 98 ग्राम पंचायत आती है, जिनमें मोहन बड़ोदिया तहसील और गुलाना तहसील के ग्राम भी शामिल है. मोहन बड़ोदिया तहसील अंतर्गत सुसनेर विधानसभा के 36 गांव की तहसील मोहन बड़ोदिया, जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया जिला शाजापुर और विधानसभा सुसनेर और लोकसभा राजगढ़ पड़ती है.**

ऐसे में मोहन बड़ोदिया तहसील के 36 गांव जो सुसनेर विधानसभा में लगते हैं वहां राजस्व विभाग का सहयोग नहीं पा रहा है. इसको लेकर मोहन बड़ोदिया तहसीलदार दिव्या जैन से बात की गई तो उनका कहना है कि मैं शाजापुर विधानसभा का कार्य देख रही हूं. ऐसे में शेष 36 गांव जो सुसनेर विधानसभा में आ रहे हैं, उनको नलखेड़ा तहसीलदार को देखना चाहिए. वहीं नलखेड़ा तहसीलदार से बात की गई तो उनका कहना है कि विधानसभा सुसनेर जरूर है पर तहसील मोहन बड़ोदिया है ऐसे में पटवारी मोहन बड़ोदिया तहसील के हैं तो इसमें सहयोग के लिए मोहन बड़ोदिया तहसीलदार को आदेश जारी करना चाहिए. मोहन बड़ोदिया तहसील के ग्राम बड़ौदी विधानसभा सुसनेर में जब जाकर देखा तो ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक और ग्रामीण सहयोग कर रहे. किंतु राजस्व विभाग से पटवारी द्वारा विशेष सहयोग नहीं किया. यह हम नहीं कह रहे, मतदान केंद्र क्रमांक 295 बड़ौदी के बीएलओ रमेशचंद्र भिलाला ने मीडिया से चर्चाकर जानकारी देते हुए कही. वहीं जनप्रतिनिधि मोहना मंडल के मंडल उपाध्यक्ष तूफान सिंह राजपूत ने कहा कि परिसीमन के चलते हमारे 36 गांवों में राजस्व विभाग का सहयोग नहीं मिल रहा है. सिर्फ जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के कर्मचारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग मिल रहा.

**सत्य सांई का 100 वां जन्मदिन आज**-सत्य सांई जी का रविवार को 100वां जन्मदिन है. इस उपलक्ष्य में समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. इस दिन जरूरतमंदों को सामग्री का वितरण किया जाएगा. साथ ही भंडारे का भी आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करेंगे. हर वर्ष समिति द्वारा सत्यसांई जी के जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों की मदद की जाती है. इस वर्ष भी समिति द्वारा तैयारियां कर ली गई है. जहां दिनभर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. सदस्यों ने बताया कि आयोजन की शुरूआत प्रातः 5.20 बजे यज्ञ के साथ होगी.

## नए बिजली मीटर का किया भौतिक सत्यापन

### बकाया बिल जमा नहीं करने वालों पर की गई कार्रवाई



**सोयतकलां, 22 नवंबर. शुक्रवार शाम अधीक्षक यंत्री के साथ बिजली विभाग की टीम ने सालियाखेड़ी, करकडीया, डोंगरगांव, सोयतकला गांव में भ्रमण किया. जहां बड़े मकान पर लगे मीटर की चेकिंग की, मीटर के साथ छेड़खानी करने वालों का मौके पर पंचनामा बनाया वहीं बिजली की चोरी करने वाले के ऊपर भी कार्रवाई की गई.**

कार्यपालन यंत्र द्वारा 50000 से अधिक बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया. वहीं जिन्होंने समाधान योजना में भी बकाया बिल जमा नहीं की उनके ऊपर भी कार्रवाई की गई. वहीं सोयतकला बिजली विभाग की टीम द्वारा भी सिंचाई के बिल बाकी है और अभी तक जमा नहीं किया उनके कुएं से मोटर व केबल भी जप्त की.

**मीटर लगाने के दिए निर्देश**

अधीक्षक यंत्री रत्नेश अयाची द्वारा सालिया खेड़ी में बिजली व्यवस्था का निरीक्षण किया और लोगों से बिजली संबंधित शिकायत का निराकरण मौके पर किया गया. वहीं कनिष्ठ अभियंता पंकज वर्मा को गांव सालिया खेड़ी में केबलीकरण और शेष बचे उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाने के निर्देश दिए. भ्रमण के दौरान अधीक्षक यंत्री रत्नेश अयाची, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ बंबोरी, कनिष्ठ अभियंता पंकज वर्मा सोयतकलां के साथ बिजली विभाग की टीम रही.

### कोहरे में लिपटी रही सुबह

**शाजापुर, 22 नवंबर.** भले ही तापमान बढ़ने और धूप खिलने से सर्दी से राहत मिली हुई हो लेकिन अब नगर में घना कोहरा छाने लगा है जिससे सुबह.सुबह लोगों को कड़ाके की सर्दी का एहसास हो रहा है. शनिवार को भी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा. कोहरे की घनत्व इतनी अधिक थी कि दृश्यता घटकर लगभग 100 मीटर रह गई. कम विजिबिलिटी के कारण वाहन चालकों को सड़क पर चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा और उन्हें दिन में भी हेडलाइट जलानी पड़ीं.नवंबर की शुरुआत से ही मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है. कुछ दिनों पहले तक तेज सर्दी और कोहरे का असर था. शुक्रवार को तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई. जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली. शनिवार को अधिकतम तापमान 29.8 और न्यूनतम 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा.

## पटेल पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर मां का लिया आशीर्वाद



**नलखेड़ा, 22 नवंबर. मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे.**

जहां उन्होंने शनिवार प्रातः गर्भ ग्रह में बैठकर मां बगलामुखी का स्वर्ण श्रृंगार दर्शन कर विधि विधान से मंत्रो उच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया तथा दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की. हवन कर मां का आशीर्वाद लिया. वे सड़क मार्ग से भोपाल से नलखेड़ा पहुंचे. वे लगभग दो घंटे तक मंदिर परिसर में ही रुके. इस दौरान उनकी अगवानी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम मस्ताना, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर, भाजपा नेता नरेंद्र वेदिया, मोहन नागर, जनपद उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी पाटीदार के द्वारा की गई.

**एक नजर में** — लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में विधानसभा स्तरीय पदयात्रा निकाली

## युवा अपने इरादे को सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे लोहे के सामान दृढ़ रखें




**शाजापुर/ मो बडोदिया, 22 नवंबर. युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत और जिला प्रशासन शाजापुर के सहयोग से विधानसभा शाजापुर के मोहन बडोदिया में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय पदयात्रा सरस्वती शिशु मंदिर मोहन बडोदिया से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई नवीन बस स्टैंड मोहन बडोदिया पर सम्पन्न की गई.**

इस अवसर पर क्षेत्रीय सासंद महेन्द्र सिंह सोलंकी, विधायक अरूण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया, डॉ. रवि पाण्डे मौजूद थे. पदयात्रा में जिले के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, जिले के युवाओं सहित जिला प्रशासन के अधिकारियो व कर्मचारीगण ने उपस्थित रहकर यात्रा को सफल बनाया. इस दौरान पदयात्रा का विभिन्न का विभिन्न सामाजिक संगठनो व नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. नवीन बस स्टैंड मोहन बडोदिया में आयोजित समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं एक पेड मां के नाम योजना अंतर्गत नवीन बस स्टैंड परिसर में पौधारोपण किया. सांसद सोलंकी ने कहा कि जिस प्रकार हमारे देश के अनेक महापुरूषो ने देश की आजादी में अपना महान योगदन दिया है. उसी प्रकार सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भी देश की आजादी में अपना योगदान दिया है. उन्होंने युवाओं को कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपने को हमे साकार करते हुए अपने देश को अनेकता में एकता के सूत्र में पिरोकर रखना है.

### 62 रियासतों को किया एक...

विधायक भीमावद ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की 62 रियासत जो अलग-अलग प्रान्तो मे बंटी हुई थी. उनको एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया. सरदार पटेल को लौह के सामान दृढ़ निश्चय के कारण उन्हे लौह पुरूष की उपाधि दी गई थी. आज हमारा राष्ट्र उनके पद चिन्हो पर चलते हुए अखण्डता और एकता के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है. उन्होंने युवाओ से आह्वान किया कि वह भी अपने इरादे को सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे लौहे के सामान दृढ रखे. तब ही हमारा देश विकसित भारत बनेगा. इस दौरान डॉ.रवि पाण्डे ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी ने पदयात्रा कार्यक्रम के बारे मे विस्तृत जानकारी दी.

### विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया...

इस अवसर पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पदयात्रा में अपने घोष बैण्ड के माध्यम से समा बांधा. इस दौरान विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता एवं नशामुक्ति की शपथ भी दिलवाई गई. इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मो.बडोदिया अमृतलाल सिसोदिया, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.विवेक दुबे, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया, जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णु नागर सहित अन्य जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक सहित विद्यार्थियों ने यात्रा में उपस्थित रहकर विशेष सहयोग प्रदान किया. कार्यक्रम का संचालन हेश भारती द्वारा किया गया एवं आभार यात्रा संयोजक वीरेन्द्र पाटीदार द्वारा माना गया.